

## एक नजर में

### मंदसौर में जीतो चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ और युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह

**मन्दसौर।** जीतो के तत्वावधान में जीतो मंदसौर चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह आज 30 मई, शनिवार को हर्ष विलास फोर्ट में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जीतो एपेक्स चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, वायस चेयरमैन कमलेश आर. सोजतिया, सेक्रेटरी जर्नल ललित डांगी सहित जीतो एपेक्स एवं एमपी जोन चेयरमैन हितेश मेहता एवं दिलीप जैन जोन सेक्रेटरी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में संजय डांगी मुंबई समारोह में शामिल होंगे।मंदसौर चैप्टर की नवीन कार्यकारिणी में अंकित कीमती को अध्यक्ष, सीए विकास भंडारी को मुख्य सचिव एवं मयूर सुराना को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही महिला विंग में श्रीमती अमिशी कीमती चेयरपर्सन, श्रीमती दिव्या चोरि?या सचिव, श्रीमती पूजा गांधी कोषाध्यक्ष और युवा प्रकोष्ठ के श्री समर गांधी चेयरमैन, संयम जैन सचिव एवं संयम मेहता कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

### युवाओं को रोजगार और हुनर निखारने के लिए सीतामऊ आईटीआई में 4 जून को 'युवा संगम' का आयोजन

**मंदसौर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसरों तथा कौशल विकास से जो?ने के लिए आगामी 4 जून, गुरुवार को शासकीय आईटीआई सीतामऊ में जिला स्तरीय 'युवा संगम' आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इस विशेष कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका मुख्य लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार की गतिविधियों को ब?वा देना है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सीतामऊ के परिसर में सुबह 10.30 बजे से इस शिविर की शुरुआत होगी। यहाँ आने वाले युवाओं को अलग-अलग औद्योगिक और व्यावसायिक सेक्टर्स में उपलब्ध नौकरियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें शासन की कल्याणकारी प्रशिक्षण योजनाओं और खुद का स्टार्टअप या उद्योग शुरू करने के लिए उद्यमिता (बिजनेस) की बारीकियों से भी रूबरू कराया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने मंदसौर जिले के सभी योग्य व इच्छुक युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस शिविर में समय पर पहुँचकर अपने भविष्य को संवारने के इस बेहतरीन अवसर का फायदा उठाएं।

### ग्राम थड़ोद में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित



**मंदसौर।** जिले के ग्राम थड़ोद में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच की गई। शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। एक्सरे, सीवाय टेस्ट, बीपी, शुगर, बीएमआई, एचआईवी एवं अन्य जांचो की सुविधाएं ग्राम वासियों को प्रदान की गई ओर टी.बी. उपचार ले रहे मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए। टी.बी. की शपथ दिलाई गई। इस शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर, पंचायत सचिव, लेब टेक्निशियन, आईसीटीसी काउंसलर, एक्स-रे टेक्निशियन सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं मौजूद थी।

# चौपाटी-टीलाखेड़ा क्षेत्र में चौथे दिन भी गरजा नगर परिषद का बुलडोजर

▸ **पुलिस बल की मौजूदगी में हटाए गए अतिक्रमण, प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी**

**पिपलियामण्डी।** नगर परिषद द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान शुक्रवार को भी लगातार चौथे दिन जारी रहा। महू-नीमच हाईवे स्थित चौपाटी क्षेत्र में नगर परिषद की टीम भारी पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई।

वही टीलाखेड़ा में बालाजी मंदिर के सामने कार्रवाई के दौरान जिन गुमटियों को हटाया था वहां समतलीकरण किया गया व मटेरियल हटाया। पूरे क्षेत्र में हलचल का माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। नगर परिषद द्वारा पिछले कुछ दिनों से चौपाटी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि हाईवे किनारे लगातार बढ़ रहे अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार सुबह नगर परिषद का अमला जेसीबी मशीन एवं अन्य संसाधनों के साथ चौपाटी क्षेत्र पहुंचा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों एवं ठेला संचालकों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया, जबकि निर्धारित सीमा से आगे किए गए निर्माणों को परिषद द्वारा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में लाइनिंग कर सीमाएं निर्धारित की जा चुकी हैं और इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति निर्धारित सीमा से आगे अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ईद उल अजहा के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी, लेकिन शुक्रवार को पुनः अभियान शुरू करते हुए चौथे दिन भी कार्रवाई जारी रखी गई। नगर परिषद की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

नगर परिषद सीएमओ प्रवीण सेन ने बताया कि परिषद द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा की गई लाइनिंग से आगे जिस किसी ने भी अतिक्रमण कर रखा है, वह स्वयं हटा ले, अन्यथा परिषद द्वारा बुलडोजर चलाकर उसे हटाया जाएगा। ऐसी स्थिति में होने वाले नुकसान के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सीएमओ ने कहा कि शहर को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मन्दसौर।** 29 मई शुक्रवार से जिला मंदसौर के सभी हायर सेकंडरी स्कूलों के भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान के शिक्षकों का 3 दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें जिले के 120 शिक्षकों ने भाग लिया।

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, डाईट प्राचार्य दिलीप सिंह राठौर, एडीपीसी लोकेन्द्र डाभी, जिला योजना अधिकारी दिलीप मुजावदिया, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि के प्राचार्य के सी सोलंकी, प्रशिक्षण प्रभारी आर.डी जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि महानुभाव ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। सुश्री आरती शर्मा ने सरस्वती वंदना तथा प्रेरणा गीत श्रीमती कीर्ति सक्सेना ने किया। अतिथि परिचय तथा कार्यक्रम संचालन मुकेश सोनी ने किया। कार्यक्रम की भूमिका डाईट व्याख्याता एवं प्रशिक्षण प्रभारी आर डी जोशी ने प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथि महानुभाव ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण की उपादेयता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर भौतिकी के दिनेश नागर, प्रदीप शर्मा, रसायन के मुकेश सोनी, निर्मल सूर्यवंशी, जीवविज्ञान विषय के श्रीमती कीर्ति सक्सेना तथा कमलेश भट्ट उपस्थित रहे।



## ब्यूटी एंड वेलनेस विषय का ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण

**गरोठ।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरोठ, जिला मंदसौर में प्राचार्य देवेंद्र सिसोदिया के मार्गदर्शन में संचालित व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ब्यूटी एंड वेलनेस विषय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग (OJT) कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सिद्धि ब्यूटी पार्लर गरोठ में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण प्रतिदिन 4 घंटे व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती सीमा शर्मा की देखरेख में सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को ब्यूटी एवं स्किन केयर, हेयर केयर, मेकअप, फेसियल, स्वच्छता एवं ग्राहक सेवा से संबंधित व्यावहारिक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सौंदर्य एवं वेलनेस क्षेत्र की विभिन्न तकनीकों का अनुभव प्राप्त किया।विद्यालय परिवार द्वारा सफल प्रशिक्षण एवं सहयोग के लिए सिद्धि ब्यूटी पार्लर गरोठ का आभार व्यक्त किया गया।

**एक नजर** ▸ **रास्ता और नाले की निकासी बहाल करने की मांग, बारिश में 20 परिवारों पर संकट**

## रास्ता-नाला रोके जाने की समस्या लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट

**मंदसौर।** ग्राम कोटड़ीमांडा में आम रास्ता एवं पुराने नाले की निकासी बंद होने से परेशान ग्रामीणों की आवाज गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंची। संयुक्त बेरोजगार सेना के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रजापत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर समस्या के त्वरित समाधान की मांग की।



इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में पुराने रास्ते एवं नाले को अवरुद्ध कर दिए जाने से करीब 15 से 20 परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना प? रहा है। बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित होने के साथ जल निकासी की समस्या भी उत्पन्न होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार पुराने नाले को तत्काल खुलवाया जाए तथा शासकीय भूमि का सीमांकन कर स्थायी रास्ते का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल आने-जाने में भी काफी कठिनाई होती है और बारिश के समय पूरा क्षेत्र संकटग्रस्त हो जाता है। संयुक्त बेरोजगार सेना ने प्रशासन से मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर निष्पक्ष निरीक्षण कराने और जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा ने कहा कि संगठन हमेशा गरीब, किसान और वंचित वर्ग की समस्याओं को मजबूती से उठाता आया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन जनहित में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### सिंगोली मे मिष्ठान भंडार से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**सिंगोली।** तहसीलदार प्रेम शंकर पटेल और टीम द्वारा शुक्रवार को सिंगोली स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार पर छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में घरेलू गैस के 3 सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते पाए गए। तहसीलदार श्री पटेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर लिए। जब्त किए गए सिलेंडर दिनेश पिता वक्तावर सिंह की सुपुर्दगी में दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग दंडनीय अपराध है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### गढ़ रणथभंवर गणेश जी की नि:शुल्क मंगल ज्योत 3 जून को

**नीमच।** सवाई माधोपुर में स्थित विश्व प्रसिद्ध गढ़ रणथभंवर गणेश की नि:शुल्क मंगल ज्योत का आयोजन नवीन परिवर्तन समयानुसार3जुन बुधवार को शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक स्थानीय बलिराम हेडगेवार प्राइवेट बस स्टैंड स्थित स्वयं सिद्धि विनायक गणेश मंदिर नीमच में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही दशहरा मैदान स्थित गणेश मंदिर पर भी शाम 7.15 से 8.15 बजे तक मंगल ज्योत,कीर्ति नगर स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर पर शाम 6:30 से 6:45 बजे तक मंगल ज्योत ,गणपति नगर स्थित सिद्धिविनायक गणपति मंदिर पर भी शाम 7:30 से 8 बजे, टीचर कॉलोनी स्थित कामेश्वर बालाजी मंदिर पर रात्रि 8 से 8.30 ,स्टेशन रोड बड़े गणपति मंदिर पर रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक मंगल ज्योत तत्पश्चात आरती का आयोजन किया जाएगा। सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्त समय पर उपस्थित होकर मंगल ज्योत में आहुति दे। बाबा गणेश जी की मंगल ज्योत में समिधा कपुर के साथ घृत की आहुति देने से घर में सुख समृद्धि शांति का वास होता है। आरती के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्ड-15 में पेयजल की जांच

**नीमच।** शहरवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत व्यापक स्तर पर पानी की गुणवत्ता जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर पेयजल के सैंपलों की तकनीकी जांच की जा रही है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं मानक अनुरूप पानी उपलब्ध हो सके।इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया के निर्देशानुसार नगर पालिका की टीम वार्ड क्रमांक-15 पहुंची। केमिस्ट सुरेश पवार के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों से सैंपल लेकर मौके पर ही परीक्षण किया। जांच के दौरान पानी में मौजूद केमिकल्स और मिनरल्स की स्थिति का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।नगर पालिका टीम द्वारा फिजिकल टेस्ट, पीएच टेस्ट,टीडीएस टेस्ट, क्लोरीन टेस्ट और टर्बिडिटी टेस्ट किए गए। वहीं विस्तृत एवं तकनीकी परीक्षण के लिए पानी के सैंपल प्रयोगशाला भी भेजे गए हैं। जांच के दौरान प्रारंभिक रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। केमिस्ट सुरेश पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच में पानी का टीडीएस स्तर 305 और क्लोरीन स्तर 0.5 पाया गया, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि शहर में यह अभियान पिछले चार-पांच दिनों से लगातार चलाया जा रहा है और आगामी दिनों में नगर के प्रत्येक वार्ड में इसी प्रकार पेयजल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।नगर पालिका द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान शहरवासियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नियमित जांच व्यवस्था को आवश्यक बताया।



# मुंडन संस्कार में बवाल, मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडे और पत्थर चले

**नीमच। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर रोड स्थित राधा कृष्ण सामुदायिक भवन में आयोजित एक मुंडन संस्कार समारोह उस समय हिंसा और अफरा-तफरी में बदल गया, जब दो रिश्तेदारों के बीच शुरू हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते बड़े विवाद में तब्दील हो गई। समारोह में मौजूद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे, पत्थर तथा लात-घूंसे चले। घटना में करीब 5 से 6 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।**



जानकारी के अनुसार भागेश्वर मंदिर क्षेत्र निवासी कन्हैयालाल पिता प्रभुलाल मेंदावत के पुत्र देव मेंदावत का मुंडन संस्कार कार्यक्रम शुक्रवार को राधा कृष्ण सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में नीमच, मंदसौर, प्रतापगढ़ और चित्तौड़ सहित कई स्थानों से रिश्तेदार और मेहमान पहुंचे हुए थे। समारोह खुशी और उत्साह के माहौल में चल रहा था। इसी दौरान कनावटी निवासी राजूलाल पिता नाथूलाल और कन्हैयालाल पिता भेरूलाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के अन्य लोग भी विवाद में कूद पड़े और सामुदायिक भवन परिसर रणभूमि में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। समारोह में मौजूद महिलाएं और बच्चे घबराकर इधर-उधर भागने लगे, जबकि कई लोग बीच-बचाव में भी चोटिल हो गए। हंगामे के चलते पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर पहुंची, जहां देर रात तक शिकायत दर्ज कराने और कार्रवाई की प्रक्रिया चलती रही। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया।

## सकल जैन श्वेतांबर एकता के पक्ष में 123वां श्री णमोकार महामंत्र जाप

**नीमच।** प पु आचार्य देव श्री निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, शांत क्रांत गच्छाधिपति प पु आचार्य देव श्री विजयराज जी महाराज साहब एवं राष्ट्र संत कमलमुनिजी कमलेश महाराज साहब के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा प्रति पुर्णिमा को आयोजित किये जाने वाले सर्वाधि व्याधि विनाशक सुख शांति समृद्धि आरोग्य प्रदायक श्री णमोकार महामंत्र के जाप दिनांक 31 मई2026 वैशाख शुक्ल पुर्णिमा रविवार को श्री वैभव सुख धाम नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर विकास नगर 14/4 नीमच पर सांय 8 से 9 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़ एवं सचिव जितेंद्र सकलेचा ने जानकारी देते हुए बताया मंडल परिवार द्वारा सकल जैन श्वेतांबर एकता के पक्ष में यह 123 वां णमोकार महामंत्र जाप है। सभी धर्मानुरागियों से जाप के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।प्रभावना एवं लक्की ड्रा के लाभार्थी श्री पारस मल हैमंत कुमार जी कांठेड़ परिवार है। श्री णमोकार महामंत्र असीम शांति समृद्धि के साथ अनंतानंत पूण्यवृद्धि का कारक है।

## खुले में बिक रही खाद्य सामग्री के उपयोग से बचें

**नीमच।** गर्मी के दिनों में लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा अधिक रहता है। फिर भी शहर के कई स्थानों पर खुले में खाद्य सामग्री को बेचा जा रहा है। जिन्हें ढंककर न रखने के कारण मक्खियां व धूल से खाद्य सामग्री दूषित हो रही है। ऐसे में इनका उपयोग करने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उसके बाद भी जिम्मेदार इन दुकानदारों को समझाइश व कार्रवाई करने की पहल नहीं कर रहे हैं।

शहर की कई दुकानों पर समोसा व आलूबड़ा में उपयोग होने वाले आलू को एक दिन पहले ही पका लिया जा रहा है। दूसरे दिन इसे खाद्य पदार्थों में मिलाकर ग्राहकों को बेच दिया जाता है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण रात में इन आलू में सड़न पैदा हो जाती है। जिससे लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में डॉक्टर बासी और सड़े गले पदार्थों को न खाने की सलाह देते हैं। रेस्टोरेंट और ठेलों पर बिकने वाले खाद्य सामग्री दिनभर वाहनों से उड़ने वाली धूल, गंदगी और रोगाणुओं से भरपूर होती है। शहर में चिलचिलाती धूप में गला तर कराने वाली कई दुकानें सजी दिखाई देंगी। ऐसे में कहीं जूस तो कहीं गन्ने का रस आपको मोह जाल में फांस सकते हैं।

**बच्चों का न खिलाएं घिसा बर्फ-:** घिसी बर्फ में मिठास देने के लिए चीनी का प्रयोग न कर कैमिकल का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है, इसलिए इसे बच्चों को कदापि न खिलाएं। बादाम शेक, फालूदा या कैमिकल से बने अन रजिस्टर्ड कोल्डड्रिंक्स सीजन शुरू होते ही धड़ल्ले से बिकने लगते हैं। इसी तरह चाट और मिठाइयां भी खुले में बिकती हैं। इससे पेटदर्द, अतिसार हो सकता है।


**होटल पर कर रहे घरेलू सिलेंडर का उपयोग :** खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद भी नईं में कई दुकानों पर अब भी घरेलू गैस का उपयोग हो रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग दुकानों में होने से उपभोक्ताओं का परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही हादसा होने की आशंका भी बनी रहती है।

**भोजन में सावधानी बरतें :** वहीं जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एमके पाटील का कहना है कि गर्मी के मौसम में खुले में रखी खाद्य सामग्री, सड़े गले फल, तली हुई वस्तुओं को नहीं खाना चाहिए। इससे अनेक प्रकार की बीमारी हो सकती हैं। पानी अधिक मात्रा में पीएं। वहीं तला भुना कम प्रयोग करें, सड़क पर मिलने वाले खुले सामान का प्रयोग न करें, चायनीज फूड से बचे। वहीं घर के बनें खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल करें।

**एक नजर** ▸ **ग्रामीणों ने की राजस्व-पुलिस टीम भेजने की मांग, कहा-खेत तक पहुंचने में होती है दिक्कत**

## नीमच में कटीले तार लगाकर गांवों का पुराना रास्ता बंद

नीमच। जिले के ग्राम नवलपुरा (लोलपुरा) और सरवानिया बोर के ग्रामीण शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर हिमांशु चंद्रा को ज्ञापन सौंपकर पारंपरिक रास्ते पर किए गए कब्जे को हटाने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद होने से तीन गांवों के लोगों और किसानों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।



**रास्ते पर फेंसिंग करने का आरोप:** ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि ग्राम लोलपुरा से नेवड आने-जाने के लिए वर्षों से सर्वे नंबर 691/1 स्थित रास्ते का उपयोग किया जा रहा था। यह रास्ता सरवानिया बोर क्षेत्र में पड़ता है और तीन गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों का आरोप है कि 7 मई 2026 को गांव के कुछ लोगों ने इस रास्ते पर सीमेंट के खंभे लगाकर कटीले तारों से घेराबंदी कर दी। साथ ही ट्रैक्टर से रास्ते की जमीन जोतकर उसे अपने खेत में मिला लिया गया।

▸ **राजस्व और पुलिस टीम भेजने की मांग**

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच के लिए राजस्व और पुलिस टीम को मौके पर भेजा जाए। साथ ही सर्वे नंबर 691/1 से अवैध फेंसिंग और खंभे हटाकर पुराने रास्ते को फिर से चालू कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**किसानों को खेत तक पहुंचने में दिक्कत:** ग्रामीणों के मुताबिक रास्ता बंद होने के कारण किसानों को खेतों तक पहुंचने, कृषि उपकरण ले जाने और रोजमर्रा के कामों में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग लोलपुरा, सरवानिया बोर और नेवड गांव के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है।ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सर्वे नंबर 18 शासकीय नाला है, जहां से बारिश का पानी निकलता है। आरोप है कि अब कुछ लोग निजी जमीनों से नया रास्ता निकालने का दबाव बना रहे हैं।